तापमान

अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 11 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 संकुल समन्वयक के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा



12 नाला-नालियों को कचरामुक्त करने सौ कर्मचारियों की फौज उतरी



## खबर संक्षेप

### सत्य साईं मंदिर समिति की बैठक आज

**नगरी।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन रथ नरहरपुर से होते हुए 27 मई को नगरी पहुंचेगा। उसके आगमन को लेकर कार्य योजना बनाने सत्य साईं मंदिर समिति की बैठक आज रविवार को शाम 4 बजे रखी गई है। यह जानकारी डॉ. पचौरी ने दी है।

### निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**धमतरी।** निषाद समाज का प्रदेशस्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं आदर्श विवाह तथा सम्मान समारोह का आयोजन 11 मई रविवार को ग्राम फुंडहर खेल मैदान रायपुर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री व राज भूषण चौधरी केंद्रीय जनशक्ति राज्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद प्रदेशाध्यक्ष निषाद समाज व एमआर निषाद प्रदेश अध्यक्ष मछुआ महासंघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, नेहरू राम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राजाराम कश्यप, मार्तण्ड सिंह मांझी, नीरज कश्यप होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, महासचिव नारायणलाल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### 12 को गट्टासिल्ली और 13 को मोहेरा में समाधान शिविर

**धमतरी।** नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में 12 मई को और मगरलोड विकासखंड के मोहेरा में 13 मई को समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिविर आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। गट्टासिल्ली में आयोजित समाधान शिविर में गोविन्दपुर, गट्टासिल्ली, झुंझराकसा, घोटगांव, करैहा, आमदी, चिंवर्री, खैरभर्री, सराईटोला मा., बटनहर्रा और बगरूमनाला को शामिल किया गया है। वहीं मोहेरा में आयोजित समाधान शिविर में बोईरगांव, मोहेरा और मारागांव ग्राम पंचायत शामिल होंगी।

पूर्व नपाध्यक्ष गुप्ता के कार्यकाल में फंड और जगह के अभाव में यह कार्ययोजना अधर में ही लटक गई

# जिले में कई बेहतर तैराक, पर स्वीमिंग पुल नहीं होने से प्रतिभाएं दम तोड़ रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर सहित जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां कमी है तो संसाधन, मौका और मंच की। यह कहना है नेशनल पैरा तैराकी में गोल्ड मैडल जीतने वाली डांडेसरा निवासी रजनी जोशी की स्पोर्टस टीचर देवश्री जोशी की। उन्होंने बताया कि सन 2018-19 में नहर और तालाब में तैराकी की तैयारी कर राजस्थान के जयपुर तथा उदयपुर में रजनी ने गोल्ड मैडल के साथ राजीव पांडे अवार्ड जीती थी। उसकी मंशा थी कि वह इंटरनेशनल पैरा तैराकी में पार्टीसिपेट करे, लेकिन यहां संसाधन की कमी से अपनी प्रतिभा निखार नहीं सकी। उस समय एग्जेक्ट फाउंडेशन ने शासन-प्रशासन से स्वीमिंग पुल की मांग की थी। सालों बीतने के बाद भी स्वीमिंग पुल नहीं बन पाने से कई प्रतिभाओं को अवसर नहीं मिला सका।

शहर में स्वीमिंग पुल की लंबे समय से मांग उठ रही है। पूर्व नपाध्यक्ष एनपी गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वीमिंग पुल बनाने के लिए काफी प्रयास किया। फंड और जगह के अभाव में यह कार्ययोजना अधर में ही लटक गई। तैराकी में रूचि रखने वाले स्कूली छात्र वेदप्रकाश साहू, विजय मीनपाल, श्रवण यादव ने बताया कि वे हटकेशर तालाब या नहर में तैरने जाते हैं। पैसे के अभाव में निजी स्वीमिंग पुल में जाना संभव नहीं है। अगर उन्हें मौका मिले तो तैराकी में अपनी प्रतिभा दिखा सकते है।



### आगामी कार्ययोजना में प्रपोजल बनेगा : रोहरा



नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर में स्वीमिंग पुल का होना निहायत जरूरी है। इसके कई फायदे हैं। यह उनकी कार्ययोजना में है। उन्होंने बताया कि इसका प्रपोजल अभी नहीं बना है। आगामी कार्ययोजना में इसे शामिल किया जाएगा।

### तैराकी से डूबने का जोखिम कम रहता है

खेल विधाओं से जुड़े अशोक सिन्हा, लक्ष्मण साहू का कहना है कि शहर में स्वीमिंग पुल होना जरूरी है। यह शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों का एक स्त्रोत है। शहर में तालाबों की हालत खराब होने से लोगों ने तालाब से दूरी बना ली है। इससे तैराकी कौशल सीखने और डूबने का जोखिम बढ़ गया है। शहर में स्वीमिंग पुल पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकता है।

### शारीरिक एवं मानसिक फायदा

डा. राकेश सोनी ने बताया कि स्वीमिंग एक बेहतरीन और कम प्रभावी एरोबिक व्यायाम है। जो हृदय, स्वास्थ्य, मांसपेशियों और सहनशक्ति को मजबूत बनाती है। स्वीमिंग तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर सकती है। आरामदायक एवं शांत अनुभव प्रदान करती है। यह मजेदार एवं आकर्षक गतिविधि प्रदान करती है।

### अटल सरोवर कांटातालाब में स्वीमिंग पुल की मांग

सुभाष नगर वार्ड की पार्षद पूर्णिमा देवांगन, सोमन देवांगन, जगतराम साहू, धनीराम पटेल ने कहा कि रत्नाबांधा रोड स्थित कांटातालाब शहर के मुख्य स्थल पर है। 14 एकड़ पर फैले इस तालाब का किसी प्रकार से उपयोग नहीं है। हाल ही में चारों तरफ पॉथवे बनने से लोग मार्निंग वॉक के लिए पहुंचते हैं। इस तालाब को स्वीमिंग पुल में डेवलप करने से शहरवासियों सहित तैराकी में रूचि रखने वाले युवकों को अवसर मिलेगा। यहां तैराकी प्रतियोगिता भी की जा सकेगी। स्वीमिंग पुल के लिए इससे बेहतर स्थान और नहीं नजर आ रहा है।

# अवैध कॉलोनियों को वैध करने निगम की कार्य योजना तेज



■ प्राप्त शुल्क से कॉलोनी में बिजली, पानी, सफाई, नाली, सड़क की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम महापौर रामू रोहरा द्वारा पदभार ग्रहण करते ही निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए अनेक कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

निगम का राजस्व बढ़ाने शहर सीमा क्षेत्र में बसी अवैध कॉलोनियों से विकास शुल्क लेकर उसे नियमित करने की तैयारी है। ऐसी कॉलोनियों की संख्या 17 है जहां निगम की सुविधाएं नियमित होने के बाद शुल्क मिलना प्रारंभ हो जाएगा। महापौर और आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर कॉलोनियों का नियमितीकरण करने सहित टैक्स की वसूली को पूरी तरह आनलाइन और पारदर्शी करने के जरूरी निर्देश दिए हैं। बता दें कि शहर की 13 कॉलोनियां वैध हो चुकी हैं। निर्देश में कहा गया कि नियमितीकरण हो चुकी कॉलोनियों में विधिवत नक्शा पास करने सहित मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। लोगों को परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाए। विकास शुल्क की राशि कॉलोनियों के विकास में खर्च होगी।

उल्लेखनीय है कि शहर सीमा में अवैध रूप से 30 कॉलोनी थी। जिसमें से 13 कॉलोनी को शासन स्तर के आदेश पर विकास शुल्क लेकर वैध किया गया है। नियमितीकरण के बाद बिजली, पानी, सफाई, नाली, सड़क आदि की सुविधाएं दी जाएंगी। कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति में नियमितीकरण का प्रस्ताव भेजा जाएगा। वैध कॉलोनियों से पांच करोड़ से अधिक की राजस्व की प्राप्ति होगी।

# बाइक के साथ नहर में गिरने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम आमाचानी के पास अनियंत्रित बाइक नहर में गिरी जिससे चालक की मौत हो गई।

जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि तुकाराम कंवर पिता पदुम लाल कंवर उम्र 30 वर्ष ग्राम भोथली थाना कुरूद निवासी 9 मई को ग्राम सांकरा में रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में आया था। शादी में शामिल होने के बाद रात्रि में अपनी मोटरसाइकिल से शुक्लाभाठा में रिश्तेदार के यहां जाने निकला था तभी ग्राम आमाचानी के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। गिरने की वजह से युवक के चेहरे, मस्तिष्क, आंख और अन्य जगहों पर गंभीर चोट आई जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को मर्ग कायम कर पंचनामा, पीएम के पश्चात पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द किया। आगे की कार्रवाई जारी है।

# बिरनपुर के जंगल में मिली वृद्ध की सड़ी गली लाश

■ डी-कम्पोज हो जाने के कारण डाक्टर ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दुगली क्षेत्र के बिरनपुर के जंगल में एक अज्ञात वृद्ध की सड़ी-गली लाश मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार वनांचल में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का काम चल रहा है। ग्रामीण रोजाना तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल चले जाते हैं। दुगली थाना क्षेत्र के ग्रामीण भी शुक्रवार को तेंदूपत्ता तोड़ने बिरनपुर के जंगल गए थे। ग्रामीणों ने महुआ पेड़ के नीचे एक अज्ञात वृद्ध का शव देखा। घटना की सूचना दुगली



पुलिस को दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। वृद्ध के शरीर पर हाफ पेंट व बनियान थी। उसकी उम्र लगभग 50 से 60 वर्ष है। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्ति नहीं हो पाई। पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की शाम जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी पहुंचाया। दूसरे दिन शनिवार को शव के डी-कम्पोज हो जाने के कारण डाक्टर ने उसे पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर कर दिया। शव के लगभग दस दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। वृद्ध की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मृतक की शिनाख्ति के प्रयास में जुटी है।

# शादी कार्यक्रम में डीजे आपरेटर पर हथियार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शादी कार्यक्रम में डीजे के बेस की आवाज को बढ़ाने की बात को लेकर तीन युवकों ने मिलकर आपरेटर पर हथियार से हमलाकर उसे घायल कर दिया है।

■ ग्राम पीपरछेड़ी की घटना

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी मुकेश साहू पिता योगेश उम्र 21 वर्ष किराया भंडार व साउंड सर्विस का काम करता है। ग्राम पीपरछेड़ी देमार निवासी आधार साहू के घर में आयोजित शादी कार्यक्रम में मुकेश ने टेंट व साउंड सिस्टम किराया पर लगाया था। बीते 7 मई की रात्रि आधार साहू के ब्यारा में शादी कार्यक्रम में मुकेश डीजे बजा रहा था। इसी दौरान हितांशु साहू उर्फ दानेश्वर व उसके अन्य दोस्तों ने बेस की आवाज बढ़ाने के लिए




कहा। इस पर मुकेश ने आधार साहू द्वारा कम आवाज में बजाने के लिए बोलना बताया। इतने में उक्त युवकों ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मुकेश के साथ हाथ-मुक्के से मारपीट की। हिमांशु ने धारदार हथियार से युवक के कान पर हमला कर दिया। वहीं उसके बायें हाथ को भी पकड़कर मरोड़ दिया। शादी में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया। पीड़ित की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपी हिमांशु साहू उर्फ दानेश्वर व उसके साथियों के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# तीव्र मेघ गर्जन की चेतावनी

■ तापमान में दो से तीन डिग्री क्रमिक वृद्धि के आसार

**धमतरी।** 12 से 14 मई तक प्रदेश में मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन की चेतावनी है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने तथा हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी उत्तरप्रदेश से पूर्वी मध्यप्रदेश और विदर्भ होते हुए दक्षिण-पूर्व तेलंगाना तक समुद्रतल से 9.4 और 12.6 किमी ऊपर पश्चिमी हवाओं में द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिणी पश्चिमी मानसून 13 मई के आसपास दक्षिणी अंडमान सागर, दक्षिणी पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार दीप समूह की ओर बढ़ने की बहुत संभावना है। इसके अलग 4-5 दिनों के दौरान दक्षिणी अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ हिस्सों, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ने की संभावना है। रविवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ 30 से 40 किमी रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। आगामी 4 दिनों तक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। 12 से 14 मई तक मध्यम से भारी आवाज के साथ बादल के गरजने की संभावना है।

## गुलमोहर का वृक्ष फूलों से लदा



**नगरी।** गर्मी के इस मौसम में जहां अधिकांश पेड़ों के पत्ते सूखकर गिर गए हैं वहीं गुलमोहर का वृक्ष फूलों से लदा है। गुलमोहर का पेड़ अपने फूलों के कारण सुंदरता बिखेर रहा है। नगरी सांकरा सिहावा सेमरा बेलर रोड किनारे यह सुंदर नजारा लोगों को आकर्षित कर रहा है साथ ही लोगों का मन मोह रहा है।

परेड में चालकों के बीच टायर चेंज करने की हुई प्रतियोगिता

# नवाचार : साप्ताहिक परेड में प्रशिक्षण को जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पुलिस ने साप्ताहिक परेड को प्रशिक्षण से जोड़ते हुए नया प्रयोग कर वाहन चालकों के बीच टायर चेंज करने की प्रतियोगिता आयोजित की।

रूद्री रक्षित केन्द्र के परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन हुआ। एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा परेड की सलामी ली गई। जनरल परेड में सभी अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट निरीक्षण कर 26 पुलिस कर्मियों को इनाम दिया गया। वहीं दो कर्मचारियों को सजा दी गई। इस बार साप्ताहिक परेड में नवाचार करते हुए परेड को प्रशिक्षण से जोड़ प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में निर्धारित समय में स्टेपनी बदलने वाले 7 आरक्षक चालक गोपाल कडहारे, नरेन्द्र साहू, संतोष दुबे, चम्पेश्वर सोनी, अखिलेश पासवान, चेतन कंवर, रविन्द्र मरकाम को 100-100 रूपये का इनाम दिया गया। वहीं आरक्षक चालक संतोष साहू को प्रोत्साहित किया गया। दो आरक्षक चालक को निंदा की सजा दी गई। तय समय पर स्टेपनी नहीं बदलने वाले आरक्षक चालक को अगली बार पूरी तैयारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने वाहन शाखा में वाहनों का भी निरीक्षण किया जिसमें वाहनों की चेकिंग, सायरन, लाइट व पीए सिस्टम आदि को चेक किया। परेड के बाद एसपी द्वारा अर्दली रूम की ओआर ली गई जिसमें पेश हुए दो आरक्षक की गलती पर उनका पक्ष सुना गया। संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर उन्हें निंदा की सजा दी गई। जनरल परेड में फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की आग की पहचान कराई गई। वहीं इनसे निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। परेड में सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।






### निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास 13 से

**धमतरी।** कृष्णा पब्लिक स्कूल जलविहार कॉलोनी रुद्री में निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास 3 मई से आयोजित होगी। यह कार्यक्रम लोगों को अंग्रेजी बोलने में निपुण बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सभी उम्र और शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले लोग इसमें भाग ले सकते हैं। सीटें सीमित हैं। रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिले की प्रावीण्य सूची में भूमिका पांचवें स्थान पर



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी की छात्रा भूमिका साहू पिता स्व. मनोहर लाल साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम व जिले की प्रावीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, गांव व समाज का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शाला विकास समिति के सदस्य तथा शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### तुषिका ने टॉप टेन में बनाई जगह



■ 10वीं में 96.5 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरौद की तुषिका सिन्हा पिता राजेंद्र सिन्हा ने कक्षा 10वीं में 96.5 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले के टॉप टेन में भी अपनी जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि पर रमा किशुन सिन्हा सरपंच, नोडल अधिकारी निशारानी वर्मा, प्रधानपाठक एमएल बघेल, शिशु मंदिर की प्राचार्य लता पटेल समेत स्कूल स्टाफ और ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के 49 वर्षीय ललित गजबिए ने पंखा से लटक कर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सिरसिदा निवासी सुखराम गजबिए ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 8 मई को कमरे में लगे पंखे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो को अभी तक पता नही चल पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### हड़ताल में नहीं जाएगा खदान मजूदर संघ, मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** खदान मजदुर संघ भिलाई के शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव तथा सचिव महेंद्र कुमार ने किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर कहा है कि उनका संघ 20 मई को कतिपय संगठनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल में शामिल नहीं होगा। अन्य कार्यदिवस के भांति अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होंगे। इस दौरान हमारे पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कार्यस्थल पर सकुशल पहुंचाने की जिम्मेदारी परियोजना प्रबंधन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय मजुदर संघ ने 1971 में ऑर्डिनेंस कारखाना कानपुर में श्रमिकों के हितों को लेकर हड़ताल किया था उस दौरान भारत और पकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया जिससे अन्य यूनियनों को यह लगा कि अब तो सरकार की मजबूरी है मांग अवश्य पूरी हो जाएगी। लेकिन भारतीय मजुदर संघ ने देशहित को सर्वोपरि मानते हड़ताल को टाल कर बिना किसी अतिरिक्त वेतन के 16 घंटे काम कर देशहित, उद्यम हित, श्रमिक हित के संकल्प को सिद्ध किया।

### कराते प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए खिलाड़ी

**दंतेवाड़ा।** 9 वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई तक भिलाई में किया जा रहा है। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तथा राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान वाले सभी खिलाड़ी 11 जून से 15 जून तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला दंतेवाड़ा के खिलाड़ी सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में रवाना हुए।

## कातलबोड़ स्कूल में शुरू हुआ करियर मार्गदर्शन शिविर

# विद्यार्थी अपनी क्षमता को पहचानें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद







विद्यार्थी स्वयं से झूठ न बोले। अपनी क्षमता को पहचाने और अपनी क्षमता के अनुरूप विषय या करियर का चयन करें। ऐसे विद्यार्थियों से मित्रता करें जो उनके करियर के अनुकूल या सहयोगी हो तत्पश्चात अपने करियर के लिए आवश्यक सिलेबस का गहन अध्ययन कर सफलता के लिए एक रोडमैप तैयार करें। उक्त मार्गदर्शन निशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम कुरूद एनएस कोसले ने दिया।

निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ में साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ सहयोग से किया जा रहा है। इस शिविर में परिक्षेत्र के 12 गांव के अतिरिक्त 22 गांव के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा पीएससी, बीएड, डीएड, एसएससी, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा, संगीत प्रशिक्षण, 9वीं से 12वीं तक कठिन विषयों के अध्ययन के साथ करियर गाइडेंस एवं नैतिक शिक्षा हेतु योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित कालखंड के अनुरूप अध्ययन कर रहे हैं। एसडीएम कुरुद द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बच्चों द्वारा सरल और आकर्षक ढंग से उत्तर प्रस्तुत दिया गया।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अबिनाश मिश्रा जिलाधीश धमतरी, रोमा श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी एवं सूरज सिंह परिहार पुलिस अधीक्षक से भी समय की स्वीकृति मिल चुकी है।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्य अजय निषाद, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विकास साहू, सरपंच मिलन साहू, उपसरपंच संतोष साहू, भुवनसिंह ठाकुर पंच, रूपेश्वर साहू पंच, कामराय साहू, भागीरथी साहू, हरप्रसाद साहू, बंशी ठाकुर, रघुवर दीवान, सेवक साहू, तेजनलाल साहू पूर्व सरपंच, चंद्रहास साहू पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति सहित पंचायत प्रतिनिधिगण, विभिन्न ग्रामों के अभिभावक, सामाजिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# पत्रकार हित को लेकर मुख्यमंत्री से की चर्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शनिवार को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं सुप्रसिद्ध वैद्याचार्य व समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख के सान्निध्य में छग श्रमजीवी पत्रकार संघ धमतरी इकाई के जिलाध्यक्ष गोपी कश्यप तथा जिला प्रभारी ललित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकार सुरक्षा, पहचान, स्वास्थ्य एवं कल्याण योजनाओं के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

# 10वीं में खुशी ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कया। शासकीय हाईस्कूल बोड़रा की छात्रा खुशी साहू ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। वह विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही।

खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों द्वारा सतत पालक संपर्क, घर में जाकर पढ़ाई करवाना, सुबह 4 बजे पढ़ने के लिए उठाना, अतिरिक्त क्लास लेकर अध्यापन करवाना आदि सामूहिक प्रयास को दिया है। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने पूर्व की कक्षाओं में भी बेहतर अंक प्राप्त किए हैं। वे आगे गणित विषय लेकर पढ़ाई कर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहती हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार और परिजनों ने हर्ष जताया है।

# मड़ेली में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



याशिका साहू



प्रगति साहू



मीनाक्षी निर्मलकर



लक्ष्मी निर्मलकर



लोमेश साहू



ऐश्वर्य साहू

■ कक्षा 10वीं में याशिका, कक्षा 12वीं में लक्ष्मी प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शाउमावि मड़ेली में वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य मनोज टंडन ने बताया कि इस वर्ष लगातार छात्रों के मूल्यांकन प्रणाली, तिमाही, छमाही, प्री बोर्ड परीक्षा का अभ्यास, डीईओ टीआर जगदल्ले के मार्गदर्शन, छात्रों की समझ, छात्रों की लेखन शैली,परीक्षा के दौरान छात्रों के तनाव एवं उत्तर लिखने की कला को प्राचार्य और शिक्षकों ने समझाने का प्रयास किया था। पालकों से सतत संपर्क एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के बैठक एवं पालकों को भी आमंत्रित किया गया। फलस्वरूप कक्षा 10 वीं का परिणाम 93 और 12 वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में याशिका साहू 89.59 प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रगति साहू 88.83 प्रतिशत द्वितीय और मीनाक्षी निर्मलकर 87.33 प्रतिशत के साथ तृतीय प्राप्त किया। कक्षा बारहवी में लक्ष्मी निर्मलकर 87.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, लोमेश साहू 82.2 प्रतिशत द्वितीय और ऐश्वर्य साहू 80.8 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। कक्षा दसवीं में 58 छात्रों में 54 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 33, द्वितीय श्रेणी में 21 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा बारहवी में 52 छात्रों में से 49 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 30, द्वितीय श्रेणी में 19 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल सोन ने कहा कि प्राचार्य मनोज टंडन के कुशल नेतृत्व और शिक्षकों के कुशल निर्देशन में संस्था का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। फरजाना अली, तुषेन्द्र तरार, हीराराम साहू, निरंजन सिंह साहू, मंजुलता ध्रुव, गीता यादव, रुस्तम सिंह, रजनीश साहू, तृप्ति सोनी, दिनेश साहू, खिलेश्वर साहू, पूनम साहू, चंद्रप्रकाश देवांगन, वेदनारायण कंवर, देवेंद्र नेताम, धर्मेंद्र साहू ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी बोर्ड प्रभारी संजय साहू व्याख्याता ने दी है।

# मंडल उपाध्यक्ष चंदूलाल महामंत्री मुरली बनाए गए

■ मगरलोड भाजपा मंडल की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य एवं कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन पर जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने जिले के मंडल पदाधिकारियों व कार्य समिति सदस्यों की सूची जारी की गई है। मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित साहू नवागांव की नियुक्ति पहले से हो चुकी है। मंडल उपाध्यक्ष ग्राम लड़ेर के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि चंदूलाल निषाद को बनाया गया है। इनके अलावा उपाध्यक्ष विष्णु साहू खिसोरा, धनंजय साहू सिंगपुर, चित्रसेन प्रजापति मोहेरा भी बनाए गए हैं।

महामंत्री मुरली सिन्हा बेलरदोना, नंदनी सिन्हा मगरलोड, मंत्री एकेश्वर यादव अमलीडीह, हेमलता ध्रुव तेंदूभाटा, रंभा ध्रुव आलेखुंटा, कविता सिन्हा पहंदा, कोषाध्यक्ष डीहूराम साहू भैंसमुंडी, सोशल मीडिया प्रभारी हिरंजय साहू बोड़रा, आई टीसेल प्रभारी खूबचंद साहू मगरलोड बनाए गए हैं। महिला कार्यकारिणी सदस्यों में तुलसी साहू, बबीता ध्रुव, दानेश्वरी, हेमपुष्पा साहू, यशोदा साहू, पूर्णिमा मारकंडे, शांति देवांगन, मोंगरा तेलासी, श्यामा साहू, राधा साहू, दसोदा साहू, पुरूष कार्यकारिणी सदस्यों में योगेंद्र कुमार, घनश्याम पटेल ,गोविंद साहू, बेनूराम साहू, वेदराम कंवर, गजेंद्र साहू, प्रमोद साहू, खूबलाल साहू, ओमप्रकाश निषाद, मनोहर साहू, भोलाराम साहू, महेश सिन्हा, तोमन साहू, रोहित साहू, रामकुमार ध्रुव, जमुना साहू, सुरेश साहू, जगदीश मरकाम, खिलेश साहू साहू शामिल हैं।

# अध्यक्ष पद के लिए प्रेम और विशाल आमने-सामने

## प्रेस क्लब धमतरी का चुनाव 18 मई को होगा, विक्रांत शर्मा निर्विरोध महासचिव निर्वाचित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





प्रेस क्लब धमतरी के पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का कार्यकाल खत्म होने के बाद संगठन में अब नए अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए चुनाव 18 मई को होगा। महासचिव पद के लिए विक्रांत शर्मा को निर्विरोध चुने जाने के बाद अध्यक्ष पद के लिए प्रेम मगेन्द्र और विशाल ठाकुर आमने-सामने हैं। दोनों प्रत्याक्षी क्लब के वरिष्ठ सदस्य होने के साथ-साथ शहर के नामचीन पत्रकार भी हैं।

बता दें कि इससे पहले दोनों प्रत्याशी महासचिव का दायित्व बखूबी सम्हाल चुके हैं। संगठन चलाने का काफी अनुभव है। दोनों वरिष्ठों के पास समर्थकों की फौज है। अब देखना यह है कि 18 मई के चुनाव में ताज किसके सिर पर सजता है। दोनों प्रत्याशी प्रेस क्लब की पुरानी मांगों को पूरा करने के साथ नई कार्ययोजना बनाने का वादा कर रहे हैं। प्रेस क्लब में वर्तमान में 34 वैध मतदाता व दो महासरंक्षक हैं। चुनाव में विजयी होने के लिए भावी अध्यक्ष को 18 वोट प्राप्त करना आवश्यक है। मतदान के पूर्व मतदाता पुनरीक्षण में जीवित प्रेस आईडी कार्ड मांगे गए थे। कुछ सदस्य समय अवधि में जीवित प्रेस आईडी जमा नहीं कर पाए इसलिए उन लोगों का नाम मतदाता सूची से काटा गया है। नामांकन पत्रों की जांच 11 मई को होगी। इसी दिन शाम 4 बजे तक दावा-आपत्ति कर सकेंगे। 12 मई को निराकरण कर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। नामांकन वापसी का समय 14 मई की शाम 4 बजे है। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित होगी। मतदान 18 मई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक, 3 बजे मतगणना, 4 बजे परिणाम की घोषणा होगी। चुनाव प्रेस क्लब भवन धमतरी में होगा। चुनाव की नियमावली प्रेस क्लब में चस्पा की गई है। चुनाव होते तक प्रेस क्लब भवन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक प्रतिदिन खुला रहेगा। जानकारी के लिए सदस्य, मतदाता कार्यकारी अध्यक्ष एमए फहीम से संपर्क कर सकते हैं। वरिष्ठ पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य, दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

### प्रेस क्लब के 8 सदस्य/मतदाता बाहर

बता दें कि प्रेस क्लब के कुछ सदस्य, मतदाताओं को समानांतर संगठन बनाने के कारण उन्हें प्रेस क्लब की समान्य सभा की बैठक में बाहर का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे सदस्यों की संख्या 8 है जो पूर्व में मतदाता भी रहे हैं। सस्पेंडेट सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रेस क्लब धमतरी से इस्तीफा भी दिया है। इसे स्वीकार करते हुए प्रेस क्लब ने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त पत्र जारी किया था।

# सामयिक ग्रुप ने नगर निगम को 101 जल पात्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भीषण गर्मी के मौसम में जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जैन समाज के सामयिक ग्रुप की महिलाओं द्वारा 101 नग जल पात्र (कोटना) नगर निगम को सौंपा गया। इस अवसर पर जैन मुनि विशुद्ध सागर ने मांगलिक सुनाकर जीव दया के इस शुभ कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिया। महापौर रामू रोहरा, सभापति अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया, कुलेश सोनी, दीपक शर्मा सहित अनके गणमान्य लोगों ने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर धरम पारख, सतीश नाहर, शिशिर सेठिया, ज्ञानचंद दुग्गड़, अमित लोढ़ा, कविंद्र जैन, सामयिक ग्रुप की सदस्य श्रीमती पांचीबाई राखेचा, भिखीबाई लुंकड़, विमला देवी पारख, सुशीला नाहर, बबलीबाई संचेती, सूरजबाई राखेचा, डॉली संचेती, मनवीता जैन, मंजु लुंकड़, सुषमा चोपड़ा, सुरभि बैद, ताराबाई लूनिया, सरिता राखेचा, सुमन राखेचा, गौरीबाई राखेचा उपस्थित थे।

## साहू सदन में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

# समर कैम्प में बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







साहू सदन नगरी में आयोजित समर कैम्प का समापन हुआ। मुख्य अतिथि पुनीत राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी थे। अध्यक्षता लोमस प्रसाद साहू अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज नगरी ने की। अति विशिष्ट अतिथि हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार साहू, भुनेश्वरी साहू ,पदुमलाल साहू, एएल बनपेला, हेमलता साहू, केआर साहू बीईओ नगरी, प्रकाशचंद साहू बीआरसी , मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार बोर्झा, कौशल प्रसाद साहू, निशा साहू, शशि कला बैरागी, सुषमा अडिल, भूषण नाग, उपेंद्र साहू , विजय कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, चमन साहू, लेखराज साहू अंकेक्षक, लोचन साहू, बाबूलाल जैन, ओमी जैन थे।

अध्यक्ष लोमस प्रसाद साहू ने समर कैंम्प की उपलब्धियों के बारे में बताया। समर क्लास का फीड बैक निरंजना साहू, खिलांशु साहू, कल्याणी साहू परिष्कृत साहू ने दिया। कार्यक्रम को पुनीत राम साहू संरक्षक, भुवनेश्वरी साहू, हृदयलाल साहू, एएल बनपेला, हेमलता साहू, प्रकाश चंद साहू ने संबोधित किया। अंतिम दिवस निशा साहू, कल्याणी साहू द्वारा मेडिटेशन कराया गया। मास्टर ट्रेनर केपी साहू ने गणित से मोबाइल का पासवर्ड बताया। प्राथमिक स्तर के बच्चों को बाल कलेक्ट करना बताया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पेन देकर सम्मानित किया गया। कैंम्प में बच्चों ने स्पोकन इंग्लिश, ग्रामर की बारीकियां, मेडिटेशन, मोटिवेशनल क्लास, जीवन विद्या, अंकों का जादू, रंगों का जादू, चित्रकला, वास्तु शास्त्र, एस्ट्रोलॉजी लोसु ग्रिड, संगीत कला, खेलकूद के विभिन्न आयाम सीखे। कार्यक्रम का संचालन सचिव यशपाल साहू व कौशल प्रसाद साहू उपाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ नगरी ने आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग के लिए किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दानवीर भामाशाह जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग देने के लिए बाबूलाल तातेड़ एवं ओमी जैन का सम्मान युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा साहू सदन नगरी में किया गया। मौके पर पुनीतराम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, पदुमलाल साहू सचिव तहसील साहू समाज नगरी, लोमसप्रसाद साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ नगरी, कौशल प्रसाद साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, लोचन साहू, यशपाल साहू, भूपेंद्र साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी, योगेश साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी, रविकुमार साहू, भुनेश्वरी साहू मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विवि सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन 15 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून सत्र के विभिन्न सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। फॉर्म भरने से बचे स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के रेगुलर, प्राईवेट, भूतपूर्व और एटीकेटी स्टूडेंट्स परीक्षा फार्म आनलाईन कर सकते हैं। ऑनलाइन के बाद आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में 17 मई तक जमा किए जा सकेंगे। सभी स्टूडेंट्स से निर्धारित तारीख में फॉर्म ऑनलाइन कर लेने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार के दिक्कत होने पर परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

### 4 प्रकरणों में हुआ राजीनामा

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को 4 प्रकरणों में आपसी सहमति से राजीनामा करवाकर 22 लाख रुपए की राशि पक्षकारों को प्रदान की गई। अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और आलोक कुमार दुबे खंडपीठ के सदस्य रहे।

### पुराने पुल में हुआ धमाका बारूदी विस्फोट से लोग सहमे

**जगदलपुर।** शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नगर निगम की सीमा पर स्थित पुराने पुल में धमाके और विस्फोट से लोग सहम गए। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के बीच एकाएक शहर में धमाके ने लोगो को डरा दिया। विस्फोट की आवाज से दुपहिया वाहन चालकों,साइकिल सवार के पहिये थम गए। वही राहगीर भी चलते-चलते रुक गए। भारी संख्या में लोग पुराने पुल की वस्तुस्थिति को जानने दौड़ लगाई। दरअसल पुराने पुल में उच्च स्तरीय फ्लाईओवर पुल का निर्माण किया जा रहा है। पिलर निर्माण के दौरान जमीन के भीतर 3 मीटर का विशाल पत्थर रोड़ा बना था,जिसे लोक निर्माण विभाग के सेतु द्वारा निर्माण किया जा रहा है। लंबे समय से एक पिलर निर्माण में रोड़ा बने विशाल चट्टान को आज ब्लास्ट किया गया। ब्लास्ट करने के पहले आसना से जगदलपुर आने वाले दुपहिया वाहन चालकों,साइकिल सवार और राहगीरो को पुराने पुल के उत्तर दिशा में 100 मीटर दूर बेरिकेटिंग कर रोका गया। इसी तरह पुल के दक्षिण दिशा में जगदलपुर से आसना की ओर जाने वाले लोगों को 100 मीटर दूर खड़कघाट हनुमान मंदिर के पास बेरिकेटिंग कर ब्लास्ट करने के आधा घण्टे पहले रोका गया।

### नेशनल लोक अदालत में सुलह से 1432 प्रकरणों का समाधान, 2 करोड़ से अधिक का राजीनामा

**जगदलपुर।** नेशनल लोक अदालत की शुरूआत शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीश की 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की एक खण्डपीठ एवं जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत की एक खण्डपीठ सहित 14 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 20 खण्डपीठों का गठन किया गया। गठित समस्त 34 खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण हेतु सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। अदालत में रखे गए लंबित 1720 प्रकरणों में से 16 आपराधिक प्रकरण, 12 व्यवहार वाद प्रकरण, 07 दावा प्रकरण, 09 पारिवारिक प्रकरण, 38 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, 19 श्रम संबंधी प्रकरण, 531 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 799 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, एक जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत के प्रकरण इस प्रकार 1432 निराकृत लंबित प्रकरणों में 2 करोड़ 08 लाख 74 हजार 921 रुपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया।

### जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

# संकुल समन्वयक के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा

- जांच समिति ने संकुल के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों से मौखिक बयान लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



संकुल समन्वयक संकुल केंद्र जीजामगांव रविकुमार साहू के खिलाफ संकुल के सभी शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर धमतरी को लिखित शिकायत प्रस्तुत किया है। जिसमें संकुल के लगभग 80 प्रतिशत शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं।

उक्त शिकायत पर जंच समिति गठित कर मामले की पड़ताल की गई। जांच समिति में सीके साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, प्राचार्य सेजेस कुरूद एवं प्राचार्य शाउमावि जीजामगांव को नियुक्त किया गया था। जांच समिति ने पहले संकुल के प्रधानपाठक एवं बाद में सभी शिक्षकों से उनके बयान मौखिक लिए। शिक्षकों ने श्री साहू को पद से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरण की बात कही है। अपना गोपनीय बयान बंद लिफाफे में जांच समिति को सौंपा। अब देखना यह है कि उस लिफाफे में बंद गोपनीय व गंभीर बयान को अपने जांच बिंदु में शामिल करते हैं या नहीं। समन्वयक रविकुमार साहू पर आरोप है कि वह संकुल के सभी शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। वह स्वयं से मौखिक आदेश देकर उच्च कार्यालय का आदेश बताकर दबावपूर्वक कार्य पूर्ण कराते हैं। वह शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की धमकी देते हैं। शिक्षकों का कहना है कि उक्त बंद लिफाफे में दिए गए गोपनीय बयान को जांच बिंदु में शामिल कर उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाए, अन्यथा वे सभी स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर के समक्ष खड़े होकर स्वयं लिखित बयान पुनः प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में संकुल समन्वयक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# अछोटा के जनप्रतिनिधियों ने महापौर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत अछोटा के जनप्रतिनिधियों ने निगम कार्यालय में महापौर रामू रोहरा से भेंट की। इस मुलाकात का उद्देश्य ग्रामवासियों को लंबे समय से हो रही मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराना था। गांव के वरिष्ठ जनों, युवाओं और महिलाओं की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों ने महापौर के समक्ष कई ज्वलंत मुद्दे रखे।

महापौर ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र ही संबंधित विभागों को निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बिना समग्र शहर का विकास अधूरा है। ग्रामवासियों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही जमीनी स्तर पर बदलाव देखने को मिलेगा।

# गांवों के बिजली खंभों में दिन में भी जल रही लाइट

**ग्राम पंचायत के मुखिया व विद्युत विभाग इस ओर नहीं दे रहे ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी विकासखण्ड के कई ग्राम पंचायत में बिजली खंभे में दिन में लाइट जल रही है। लाइट दिन रात जलने पर जल्द खराब हो जाएगी जिससे ग्राम पंचायत को ही हानि होगी। सरपंच अन्य लोगों को फुर्सत नहीं कि गली मोहल्ले की लाइट को बंद कर दें। पंचायत प्रतिनिधि जरा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कुछ सरपंच ने बताया कि कई जगह केबल शाट होने की वजह लाइट जलती है। मेन स्विच के आसपास गांव के लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझ कर लाइट को बंद कर देना चाहिए। शासन के पैसे का दुरुपयोग किया रहा है। ग्राम सेमरा, बिरगुडी, बेलर, छिपली, सांकरा, आमगांव, भुरसीडोंगरी अन्य गांव के मेन रोड किनारे बिजली खंभे पर दिन में लाइट जलती दिखाई देती है। गांवों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। उसके बाद भी इस ओर लोगों का जरा भी ध्यान नहीं है।

विद्युत विभाग बेलर प्रभारी डोमेन्द्र ध्रुव से बात करने पर उन्होंने बताया कि गली लाइन पर ऑटो टाइमर स्विच लगा देने पर सुबह होते ही लाइन बंद हो जाएगी। सभी सरपंचों को गली लाइट कनेक्शन पर ऑटो टाइमर स्विच लगाने कहा गया है।

# सेजेस बठेना में खुली लॉटरी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएमश्री सेजेस मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में कक्षा पहली से दसवीं तक रिक्त सीटों के विरुद्ध लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। लॉटरी के माध्यम से चयनित छात्र 15 मई तक सुबह 7:30 से 11:30 बजे के बीच अनिवार्य दस्तावेजों के साथ आकर प्रवेश ले सकते हैं।

इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष विनय जैन, पूर्व विधायक लेखराम साहू, बठेना वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम, पार्षद भारती साहू, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा, मिथिलेश सिन्हा, संस्था प्राचार्य रविंद्र साहू, प्रवेश प्रभारी लीना जेठवा समेत शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

# अंजुमन स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम मदिहा परवीन 79.33 प्रतिशत, द्वितीय दीपिका चतुर्वेदी 76.83 प्रतिशत, तृतीय गहना गायकवाड़ 76.33 प्रतिशत रही। कक्षा 12वीं में प्रथम भूमिका जैन 76.2 प्रतिशत, द्वितीय रंजना पटेल 72.6 प्रतिशत, तृतीय भूमिका यादव 70.4 प्रतिशत रही। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सद्र शेख मोबिन सहित सदस्यगणों ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण हुए हैं उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में वे और अच्छे से तैयारी कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। असदुल हुसैन, प्राचार्य शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान समेत शाला परिवार ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामू ने ली पांचों मंडल के पदाधिकारियों की बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल के पदाधिकारियों की संयुक्त परिचयात्मक बैठक हुई जिसमें महापौर रामू रोहरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में जिला महामंत्री अविनाश दुबे, पूर्व भोथली मण्डल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन, अमन राव, विनय जैन, मिश्री पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व आमदी मण्डल उपाध्यक्ष हेमन्त माला सहित पांचों मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वाणिज्य संकाय के छात्रों ने आंगनबाड़ी बच्चों के साथ पारंपरिक खेल खेला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में सामुदायिक ग्रामीण सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन आंगनबाड़ी में 19 बच्चे उपस्थित थे।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ पारंपरिक खेल जैसे चोर-पुलिस, दौड़, गोल-गोल रानी, छुक-छुक गाड़ी खेला। बच्चों ने सुंदर डांस किया। गाना गाकर सुनाया तथा एबीसीडी सुनाया।

साथ ही पूछे गए सामान्य प्रश्नों का जवाब भी दिया। बच्चों को फल, चॉकलेट, बिस्किट तथा चिप्स आदि दिया गया। विद्यार्थियों ने आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों के साथ मनोरंजन किया। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. अमरसिंह साहू, प्रो. निरंजन कुमार, प्रो. कुशल चोपड़ा, डॉ कामिनी सिन्हा, प्रो. भीषम साहू सहित महाविद्यालय के एम. कॉम के 65 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# काफिया को अंजुमन इस्लामिया ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



काफिया परवीन ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 93.16 प्रतिशत अंक हासिल कर टैलेंट पब्लिक स्कूल, परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। छात्रा काफिया परवीन पिता मरहूम शेख आसिफ की इस उपलब्धि पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने अंजुमन स्कूल में उसे सम्मानित किया। 3100 रुपए प्रदान कर उसके हुनर को सलाम किया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष शेख मोबीन, सै. नवाब अली, सैयद आसिफ अली, दिलावर रोकड़िया, मोहम्मद शाह अहमद, आजम रिजवी, इकबाल बुरहान, निसार खान, सैयद अफजल अली, हनीफ कुरैशी, अजमल खान, अंजुमन स्कूल के असहदुल हुसैन, प्राचार्य शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, प्रधानपाठक असलम भाटी समेत समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। दिलावर रोकड़िया ने घोषणा करते हुए कहा कि काफिया कक्षा 12वीं में 94 प्रतिशत अंक लेकर पास होती हैं तो वे उन्हें 21 हजार की प्रोत्साहन राशि देंगे।

# सशिमं आमातालाब का परीक्षाफल उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब धमतरी का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में 46 छात्रों में से 40 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 87 प्रतिशत रहा। प्रथम सिद्धार्थ सोनकर 94.83 प्रतिशत, द्वितीय भूमि कौशिक-93.5 प्रतिशत, तृतीय कविता सोनकर 92.66 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में 37 छात्रों में 32 छात्र उत्तीर्ण हुए।

परीक्षाफल 86.48 प्रतिशत रहा। प्रथम आयुष साहू 89.2 प्रतिशत, द्वितीय वंदना साहू 84.2 प्रतिशत, तृतीय तान्या बंजारे 82.6 प्रतिशत रहे।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विंध्यवासिनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष शिरोमणि राव घोरपड़े, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव कृष्णकुमार रणसिंह, सहसचिव डॉ. रवि शांडिल्य, कोषाध्यक्ष महावीर श्रीमाल, सदस्य ईशु नाग, एकता सिंह, प्राचार्य महेश कुमार सपहा ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी है।

### समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने वृद्धाश्रम में फल बांटे

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं डॉ. डीआर टण्डन सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र के निर्देशन में छात्रों द्वारा जीवन संध्या वृद्धाश्रम रुद्री में फल का वितरण किया। विभाग के छात्र-छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर टण्डन एवं सहायक प्राध्यापक निधिसिंह, जनभागीदारी प्राध्यापक गौरीशंकर बघेल द्वारा वृद्धजनों को फल वितरित किया।






**खबर संक्षेप**

### हिना ने 12वीं में 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**धमतरी**। जिले में कक्षा 12वीं के टॉप टेन में हिना तारक ने 8वां रैंक



प्राप्त कर समाज का मान बढ़ाया। वह ग्राम सांकरा नगरी निवासी उमाशंकर तारक, राजकुमारी की पुत्री है। हिना ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा से कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उनकी सफलता पर धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, सोनू नाग कोषाध्यक्ष, केशव सपहा, यशवंत कोसरिया, राजू ओझा, फिरोज हिरवानी, विष्णुप्रसाद निषाद, श्रीमती संध्या हिरवानी, श्रीमती आशा धीवर, शत्रुघ्न धीवर, दुर्गेश रिगरी, ओमप्रकाश नाग, शैलेन्द्र नाग, करण हिरवानी, डॉ. दिनेश नाग, त्रिलोक मत्स्यपाल, भुवन लाल धीवर, नारायण धीवर, मोहिनी तारक ने हर्ष जताया है।

### भाजपा रांवा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

■ दो महामंत्री, चार उपाध्यक्ष बनाए गए

**धमतरी**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं विधायक कुरूद अजय चंद्राकर व इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक, रंजना साहू पूर्व विधायक के मार्गदर्शन पर प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष की सहमति से अमन राव रांवा मंडल अध्यक्ष ने पदाधिकारियों, कार्यकारिणी की सूची जारी की। राकेश सिन्हा व श्रीमती दमयंती साहू महामंत्री द्वय, ज्ञानिक साहू, श्रीमती जागेश्वरी साहू, बसंत मीनपाल, नामदेव राय चारों उपाध्यक्ष, श्रीमती नेहा साहू, श्रीमती गणेश्वरी साहू, देवेन्द्र साहू, रिन्कू सेन चारों मंत्री, कोषाध्यक्ष दिलीप कुंजाम, सोशल मीडिया भेषकुमार साहू, आईटी सेल गजेन्द्र पटेल नियुक्त किए गए। शशि पवार, कविन्द्र जैन, अरविंदर मुंडी, अविनाश दुबे, बीथिका विश्वास, श्यामादेवी साहू, चेतन हिन्दूजा, मुरारी यदु, अरूण सार्वा, अंगिरा ध्रुव, धनेश्वरी साहू, बालाराम, भगत यादव, चिरौंजी लाल, देहुति साहू, फतेश्वरी साहू, फागेश्वरी साहू,परमेश्वर साहू, मानिक साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 12वीं में हेमिन जिले में रही प्रथम

**कुरुद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरुद की



छात्रा हेमिन सिन्हा ने कक्षा 12 वीं कॉमर्स में 93.40 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया। वह गांधी चौक कलारपारा कुरूद निवासी गणेशराम सिन्हा सोहद्रा सिन्हा की पुत्री है। जिले में प्रथम आने पर कक्षा शिक्षिका मनीषा नायडू, अविनाश साहू, निशा पटेल, मनीष सरकार, हेमंत साहू, दामिनी सिन्हा, मनोज सिन्हा, गन्नूराम सिन्हा, समारूराम सिन्हा सहित अनेकों ने हर्ष जताया है।

### चौथिया गए लोगों के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम चितमखार में चौथिया आए लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन निवासी वार्ड नंबर 01 बनकापारा खरियार रोड जिला नुआपड़ा ओडिशा ने बताया कि 8 मई को अपनी बहन रेखा पटेल की शादी में चौथिया खरियार रोड से 80 से 90 लोगों के साथ ग्राम चितमखार खल्लारी आया था। रात्रि करीबन 8 बजे लुपेश नंद के घर के सामने ग्राम चितमखार में खाना खाने के समय लाइट बंद होने से टीकम साहू एवं उसके अन्य साथी के द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किया। जिससे उसके सिर में, कमलेश पटेल के सिर में, टिकेश्वर चौहान के दोनों भुजा में, नीरा पटेल के हाथ एवं सीने में, विमला पटेल के बायें हाथ की कलाई में एवं राजकुमार पटेल के बायें पैर एवं सिर में चोट आई है।

## महापौर - आयुक्त ने सफाई कार्य का लिया जायजा

# नाला-नालियों को कचरामुक्त करने सौ सफाईकर्मी मैदान पर उतरे

**चेन माउंटेन मशीन, जेसीबी, हाईपावर वैक्यूम क्लीनर मशीन से 40 टन से अधिक कचरा निकाला गया**



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते दिनों हुई जमकर बारिश से शहर के दर्जनभर वार्ड जलमग्न हो गए। नाला नालियों में गंदगी, प्लास्टिक झिल्ली का जमावड़ा होने से पानी का फ्लो कम गया। निकासी होने में घंटों समय लगा। शहर की विकट स्थिति देखकर महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर निगम के 100 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी नाला, नालियों की सफाई में लगा दी गई है।

चेन माउंटेन मशीन, जेसीबी, हाईपावर वैक्यूम मशीन की सहायता से निगम अमले ने शनिवार को पीडी नाला, बाकरा नाला, सोरिद नाला, दीक्षित नाला, गुजराती कालोनी स्थित नाला, सहित अन्य नालों की गहराई से सफाई की। गंदगी, मलबा, प्लास्टिक कचरा, लकड़ी के टुकड़े, लोहा सरिया, ईंट, सीमेंट के टुकड़े को बाहर निकालकर ट्रेक्टर के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया। निकाला गया कचरा 10 टन से अधिक है।

महापौर रामू रोहरा ने स्वयं फील्ड पर उतरकर सफाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नालों की सफाई से जलभराव की समस्या कम होगी। पानी निकासी कुछ ही समय पर हो जाएगी। निगम के 100 से अधिक कर्मचारी छुट्टी के दिन भी दिनभर डटे हुए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि नालियों में कचरा न फेंके। शहर को साफ, सुंदर, स्वच्छ बनाने में निगम प्रशासन का सहयोग दें।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि निगम कर्मी छुट्टी के दिन भी पूरी लगन और सेवा भाव से काम कर रहे हैं। गर्मी और उमस के बीच पूरी तत्परता से नालों से कचरा निकालने में जुटे हैं। कर्मचारियों ने नालों की रियल टाइम मॉनिटरिंग शुरु कर दी है। हर वार्ड की सफाई और नालियों से कचरा निकालने का काम तय समय पर पूरा होगा। आयुक्त ने कहा कि सफाई कर्मचारी सुबह 6 बजे से लगातार नालों से गंदगी निकाल रहे हैं। आम नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे निगम का साथ दें और खुले में व नालियों में कचरा न डाले।

## स्कूल निरीक्षण में मिली मूलभूत सुविधाओं की कमी



■ महापौर रामू रोहरा ने सेजेस गोकुलपुर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में व्याप्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर रामू रोहरा स्कूल पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी उजागर हुई। शौचालय की अनुपलब्धता, विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त शेड का न होना, भवन की कमी तथा शिक्षकों की भारी कमी जैसे मुद्दे सामने आए। इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। महापौर श्री रोहरा ने विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**धमतरी**। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस चेयरमैन श्रीमती प्राप्ति वाशानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबिनाश मिश्रा ने की। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में सीएमएचओ बिल्डिंग में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी धमतरी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## महापौर ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका छात्रावास से भटगांव रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण महापौर रामू रोहरा ने किया। यह निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। यह बेहतर आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

## शारदा बंग महिला समिति ने मनाई रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती





**विवेकानंद कॉलोनी में किया गया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां शारदा बंग महिला समिति ने रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती विवेकानन्द कॉलोनी में धूमधाम से मनाई।

बंग महिला समिति की संरक्षक डॉ. बीथिका विश्वास, अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता नाग चौधरी एवं सचिव श्रीमती रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर को बंगाली भगवान मानते हैं। हमारे लिए पक्ष दो हैं एक देवी पक्ष और दूसरा कवि पक्ष। जिस प्रकार नौ दिन देवी पक्ष मनाते हैं, उसी प्रकार पूरे वैशाख मास में कवि पक्ष मनाते हैं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान गीत, नृत्य, नाट्य और कविता की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में श्रीमती लिपिका, अंतरा, श्रेया, सुचि, शुभ्रा, आर्या, मानव, इशिता, श्रीमती शम्पा, श्रीमती रीता, दिनेश, इशिका ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सामाजिक सुरक्षा एवं जनहित से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन शाखा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए एक समिति बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक श्रीमती विभा चंद्राकर एमआईसी सभापति (शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग) के निर्देशानुसार रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल कल्याण तथा पुस्तकालय विकास से जुड़े विषयों पर नीतिगत निर्णय लिया। बैठक के प्रमुख एजेंडों में 1 अप्रैल 2025 के पश्चात प्राप्त विभिन्न पेंशन हितग्राही आवेदनों पर अनुमोदन, 1 अप्रैल 2025 के पश्चात राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचार, नगर निगम क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा, नगर पालिक निगम धमतरी के पुस्तकालय में संग्रहित पुराने दैनिक समाचार पत्रों को सुव्यवस्थित रखने अथवा बाजार मूल्य पर विक्रय के विकल्पों पर विचार शामिल हैं।बैठक में आशा लोधी, सतीश पवार, कोमल सार्वा, संजय देवांगन, अनीता अग्रवाल, छोटू वर्मा, पूर्णिमा रजक समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में नागरिक हित में प्रभावशाली कदम उठाए गये।

## लक्ष्मी ने जिले में सातवां रैंक हासिल किया



■ संबलपुर स्कूल की छात्रा को 12वीं कला संकाय में 500 में 455 अंक मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय माध्यमिक विदयालय संबलपुर (धमतरी) की छात्रा लक्ष्मी साहू ने 12वीं कला संकाय में 500 में 455 अंक हासिल कर जिले में सातवां रैंक हासिल किया। गरीब परिवार में जन्मे तथा घर में पढ़ाई का माहौल बेहतर नहीं होते हुए भी इस बालिका ने 11वीं के परीक्षा परिणाम के तुरंत बाद पढ़ाई प्रारंभ कर दी थी। शिक्षकों ने बताया कि उनमें पढ़ाई के प्रति बहुत लगन थी। उनके पिता सेवाराम साहू गलियों में घूमकर सब्जी बेचने का काम एवं माता सावित्री बाई मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। विद्यालय के सदस्यों ने उनके आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्राचार्य शैलेंद्र तरार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालकुमार क्षत्रिय, सरपंच मंजु चन्द्राकार, एसआर चंद्रवंशी, एचके खालसा, प्रमोद शार्दुल, शशिप्रभा चन्द्राकार, चोवाराम चन्द्राकार, सुनीता वाधवानी, आरएस साहू, कुसुम साहू, श्वेता देशमुख, आकाशदीप देवांगन, नम्रता जाधव, ओंकार पटेल, सोमा साहू, योगेंद्र वर्मा ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की।

## 70,581 प्रकरणों में 1,96,54,750 रुपए का हुआ सेटलमेंट

■ जिला न्यायालय, बाह्य न्यायालय कुरूद, नगरी एवं राजस्व न्यायालयों में लगी नेशनल लोक अदालत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद, नगरी एवं राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से दांडिक प्रकरण के 44 मामले, श्रम न्यायालय के 13 मामले में 13,000 रू., मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के 4 मामले में 19,50,000 रू., घरेलू हिंसा के 2 मामले, परिवार न्यायालय के 12 मामले, धारा 138 एन.आई.एक्ट के 17 मामले में 31,11,055 रू., सिविल के 10 मामले, पीटि अफेन्स के 83 मामले में 62,000 रू., ट्रेफिक चालान के 1585 मामले में 9,78,700 रू. कुल 1770 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 61,14,755 रू. का सेटलमेंट किया गया।

साथ ही साथ प्रीलिटिगेशन एवं राजस्व न्यायालयों के 68,811 प्रकरणों में 1,35,39,995 रू. का सेटलमेंट किया गया। इस प्रकार कुल 70,581 प्रकरणों में 1,96,54,750 रूपए का सेटलमेंट किया गया। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, कर्मचारियों तथा पक्षकारों के लिए जिला चिकित्सालय के समन्वय से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया।

इस आयोजन में न्यायाधीशगण, सभी राजस्व न्यायालयों के अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, राजस्व एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों का योगदान रहा।

**पीजी कालेज में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता पर हुई निबंध, भाषण स्पर्धा**

# भाषण में संदीप शासकीय महाविद्यालय मगरलोड अव्वल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर विभागीय नोडल एजेंसी और छग शासन के उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त आयोजन में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला व सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता पर निबंध, भाषण, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने की। वक्ता श्रीमती प्रीति चांडक क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, आरके साहू उप निरीक्षक, शिवा प्रधान समाजसेवी थे। कार्यक्रम प्रभारी निरंजन कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति कार्यशाला पर जानकारी दी। आरके साहू ने कहा कि हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। हमें सड़क पर हमेशा बाई ओर चलना चाहिए। हेलमेट का उपयोग करना, सिग्नल का पालन करना, संकेत बोर्ड का उपयोग करना, मोबाइल का उपयोग न करना, ओवरटेक न करना, ओवरलोड और ओवर स्पीड से बचना चाहिए। डॉ. प्रीति चांडक ने मानसिक स्वास्थ्य व नशे से होने वाली क्षति के बारे में बताया। शिवा प्रधान ने घायलों को तत्काल सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। आकाश गिरी गोस्वामी जिला संगठक रेडक्रॉस व उनकी सहयोगी टीम ने नाटक के माध्यम से नशे में गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम को बताया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता हुई। भाषण में संदीप कुमार शासकीय महाविद्यालय मगरलोड , द्वितीय दुर्गा नारायण मेघा वाले शासकीय कन्या कालेज धमतरी, तृतीय महिमा बीसीएस शासकीय महाविद्यालय रही। निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, प्रा. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. यशोदा साहू ने निभाई। मंच संचालन कुशल चोपड़ा व आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आकांक्षा मरकाम ने किया। इस आयोजन में परमानंद, खुशी, लोचन, अभिलाषा, वीणा, क्षमता, लीलम, झरना, विभा, कौशल, पीयूष, दिगंत, साहिला का योगदान रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020